प्रसार भारती

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

26.02.2026 **9:20 बजे**

"आज के मुख्य समाचार"

- एआई–समिट दिल्ली प्रदर्शन मामले में दिल्ली पुलिस ने शिमला से 3 युवा कांग्रेस नेताओं को लिया हिरासत मे ।
- दिल्ली पुलिस द्वारा की गई गिरफतारियों में सहयोग न करने के लिए नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने शिमला पुलिस के रवैये को बताया दुखद।
- मुख्यमंत्री सुखविंद सिंह सुक्खू कहा कि सामाजिक सुरक्षा पैंशन योजना के लिए उपलब्ध होगी धनराशि–नहीं रूकेगी पात्र व्यक्तियों की पैंशन।
- कुल्लू के अखाड़ा बाजार में बीते वर्ष हुए भूस्खलन को लेकर 8 करोड़ रूपए की व्यापक सुधार परियोजना मंजूर।

दिल्ली पुलिस गिरफत्तारी

एआई–समिट दिल्ली में प्रदर्शन करने के मामले में दिल्ली पुलिस ने शिमला के चिड़गांव से 3 युवा कांग्रेस नेताओं को गिरफत्तार किया है। जिसमें दो नेता उतरप्रदेश और एक मध्यप्रदेश से है। बीते कल हुई इस गिरफत्तारी के बाद दिल्ली लौट रहे पुलिस दल को शिमला पुलिस ने दो बार रोका और दिल्ली पुलिस के खिलाफ किडनैपिंग का मामला भी दर्ज किया। स्थानीय पुलिस दिल्ली पुलिस दल द्वारा दिखाए गए गिरफत्तारी के दस्तावेज से संतुष्ट नहीं थी।

जयराम

दिल्ली पुलिस द्वारा शिमला से गिरफतार किए गए 3 आरोपियों और शिमला पुलिस की कारवाही को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री और नेता विपक्ष जयराम ठाकुरने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। जयराम ठाकुर ने दिल्ली पुलिस के काम में शिमला पुलिस का सहयोग न देने के रवैये को दुखद बताया है। उन्होंने बताया कि एआई इंपैक्ट समिट में प्रदर्शन से इन आरोपियों ने देश की छवि को खराब करने का काम किया है।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार सामाजिक सुरक्षा पैंशन योजनाओं के लिए प्रयाप्त धनराशि उपलब्ध करवाएगी ताकि किसी भी पात्र व्यक्ति की सामाजिक सुरक्षा पैंशन बंद न की जाए। उन्होंने कहा कि सभी पात्र पैंशन धारकों को उनकी पैंशन मिलती रहेगी। मुख्यमंत्री ने सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कल शिमला में विभाग को सभी पात्र लाभार्थियों को पैंशन से जोड़ने के लिए जल्द औपचारिकताएं पूरी करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अब तक 7 लाख 60 हजार 7 सौ 72 लाभार्थियों का ई–केवाईसी पूरा किया जा चूका है।

पीएम इंस्टाग्राम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंस्टाग्राम पर 10 करोड़ फॉलोअर्स का ऐतिहासिक आंकड़ा पार कर लिया है। इसके साथ ही वे इस मंच पर यह उपलब्धि हासिल करने वाले विश्व के पहले राजनेता बन गए हैं। पीएम मोदी 2014 में इंस्टाग्राम से जुड़े थे। इंस्टाग्राम पर टॉप अकाउंटस की सूची में पांच प्रमुख विश्व नेताओं के कुल फॉलोअर्स की संख्या भी पीएम मोदी के फॉलोअर्स की संख्या से कम है।

भूस्खलन सुधार

कुल्लू के अखाड़ा बाजार में व्यापक सुधार कार्यों के लिए स्थानीय विधायक सुंदर सिंह ठाकुर ने 8 करोड़ 35 लाख रूपए की एक योजना मंजूर की है, जिससे पिछले साल बरसात में हुए भूस्खलन से प्रभावित लगभग एक हजार निवासियों को जरूरी राहत मिलेगी। सुंदर ठाकुर ने कहा कि इस क्षेत्र में भूस्खलन से एक बहुत बड़ा हादसा हुआ था, जिसमें लगभग 10 लोगों की मौत हो गई थीं। उन्होंने बताया कि 8 करोड़ से अधिक की इस परियोजना का डिज़ाइन भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान –आईआईटी द्वारा मान्य किया जाएगा, जिससे ढलान स्थिरीकरण में विश्व स्तरीय विशेषज्ञता सुनिश्चित होगी।

स्वयं सहायता समूह

हमीरपुर जिले के नादौन उपमंडल के एक छोटे से गांव जंदली गुजरां में अत्यंत स्वादिष्ट, पौष्टिक गुणों से भरपूर और घी–तेल व चीनी से रहित मिठाइयां महिला स्वय सहायता समूह की पहचान बन गई है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन का लाभ मिलने से राधे कृष्णा स्वयं सहायता समूह की इन गुणकारी मिठाइयों ने अब राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी एक अलग पहचान बनाई है।

साहित्य उत्सव

चंबा में 12 से 14 मार्च तक चंबा साहित्य उत्सव–2026 का आयोजन किया जाएगा। ये आयोजन साहित्यिक जगत का एक बड़ा आयोजन होने जा रहा है जिसमें देश भर के नामी साहित्यकार, लेखक और कवि भाग लेंगे।

उत्सव को लेकर उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल ने जानकारी दी है कि आज की युवा पीढ़ी को साहित्य से जोड़ने के लिए इस उत्सव का आयोजन किया जा रहा है ताकि युवा पीढ़ी का रुझान मोबाइल से हटकर किताबों की तरफ बढ़े। वहीं इस अवसर पर एक पुस्तक मेला भी लगाया जाएगा।

पेयजल योजना

बीते कुछ दिनों से प्रदेशभर में मौसम के साफ रहने के बाद आज से एकबार फिर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने जा रहा है। मौसम विज्ञान शिमला के अनुसार आज प्रदेश की ऊंची चोटियों पर हल्की बारिश और बर्फवारी की संभावना बनी है।

इधर लंबे समय से बारिश न होने के चलते पेयजल योजनाओं के प्रभावित होने की संभावनाओं को लेकर जल शक्ति विभाग चंबा ने तैयारियां शुरू कर दी है। विभाग को आशंका है कि ड्राईस्पेल के चलते इस वर्ष मार्च माह के दूसरे सप्ताह से ही पेयजल कमी का सामना करना पड़ सकता है।

अब सुर्खियां समाचार पत्रों से.......

हिमाचल दिल्ली पुलिस में टकराव से जुड़ी खबर को आज समाचार पत्रों ने सचित्र प्रकाशित किया है। पंजाब केसरी की सुर्खी है– **हिमाचल और दिल्ली पुलिस आमने सामने–गृह मंत्रालय के हस्तक्षेप के बावजूद शिमला पुलिस ने डीटेन किए युंका कार्यकर्ता**

अमर उजाला का शीर्षक है–**दिल्ली पुलिस पर एफआईआर आधी रात को मैजिसट्रेट ने तीनो आरोपियों को ट्रांजिट रिमांड पर भेजा।**

दैनिक भास्कर लिखता है–**युंका वर्कर की गिरफतारी को लेकर हिमाचल और दिल्ली पुलिस का हाई वोलटेज ड्रामा।**

दैनिक जागरण और दिव्य हिमचल ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से खबर को लगभग एक जैसी सुर्खी दी है– **किसी पात्र की सामाजिक सुरक्षा पैंशन नहीं होगी बंद।**

पंचायत चुनाव लड़ने के नियमों में बड़े बदलाव की तैयारी–हिमाचल दस्तक की एक खबर है।

———————————————————————————